पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

____

राज्यपाल से बिजनौर के विद्यार्थियों ने मुलाकात की

भ्रमण से व्यवहारिक ज्ञान बढ़ता है, इसलिए विद्यार्थियों को भ्रमण अवश्य कराएं

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

प्रगति के लिए पढ़ाई और परिश्रम आवश्यक

जहाँ भी काम करें, देश की प्रगति में योगदान दें

____

लखनऊः 28 अप्रैल, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन भ्रमण पर आए बिजनौर के विवेक कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन के 42 विद्यार्थियों ने मुलाकात की। लखनऊ के डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध इस महाविद्यालय से आए ये सभी विद्यार्थी कॉलेज की फार्मेसी फैकल्टी के थे, जो अपने प्रवास में पहली बार लखनऊ आए थे।

राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान बिजनौर के प्रागैतिहासिक महत्व के ज्ञान की जानकारी ली और विद्यार्थियों ने रूचिपूर्वक महाभारत कालीन प्रसिद्ध कुरू वंश के महामंत्री महात्मा विदुर की कुटी और उनके व्यक्तित्व का उल्लेख किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि भ्रमण अवश्य करना चाहिए, भ्रमण से व्यवहारिक ज्ञान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रगति के लिए पढ़ाई और परिश्रम दोनों आवश्यक हैं। पढ़ाई लड़का हो या लड़की, झोपड़ी में रहने वाला हो या समृद्ध घर में, सबके लिए

जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के बाद जहाँ भी कार्य करें, देश की प्रगति में योगदान अवश्य करें।

भ्रमण दल में जनपद बिजनौर के दूर–दराज गाँवों और कस्बों से आई छात्राओं से चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने उनसे कहा कि वे अपने भ्रमण अनुभवों को अपने अभिभावकों को अवश्य बताएं। उन्होंने विद्यार्थियों के भ्रमण में देश की सीमावर्ती क्षेत्रों को भी जोड़ने को कहा, जिससे विद्यार्थी वहाँ की समस्याओं, जीवनचर्या और आवश्यकताओं को समझ सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए खेलकूद और योग से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने राज्यपाल जी से अपने भविष्य के लिए चुने क्षेत्रों की चर्चा भी की और बताया कि लखनऊ प्रवास में सी0डी0आर0आई0, ए0के0टी0यू0 तथा प्राणी उद्यान भ्रमण के साथ राजभवन के भ्रमण और राज्यपाल जी से मुलाकात उनके लिए सर्वाधिक स्मरणीय है। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रो0 रिजवान अहमद, शिक्षक डॉ0 अंकुर गर्ग, डॉ0 छवि वर्मा तथा डॉ0 अनामिका गौतम भी उपस्थित थे।

––––

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361